कक्षा – 3
विषय – हिन्दी व्याकरण
पाठ – 3 शब्द और वाक्य

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए –

क. शब्द किसे कहते हैं?

उत्तर वर्णों के समूह से शब्द बनते हैं अर्थात् दो या दो से अधिक वर्णों के सार्थक समूह को शब्द कहते हैं।
जैसे – म् + ओ + र् + अ – मोर इत्यादि

ख. वाक्य की परिभाषा दीजिए।

उत्तर दो या दो से अधिक शब्दों के सार्थक समूह को वाक्य कहते हैं।
जैसे – नदी बह रही है।

2. वर्ण क्रम सुधार कर सही शब्द लिखिए –

ड़कस – सड़क
सानकि – किसान
कितया – तकिया
रमो – मोर
खत्तब – बत्तख
चया – चाय
छमली – मछली
लीतित – तितली

3. सही विकल्प के आगे सही (✓) का चिह्न लगाइए –

क. वर्णों के समूह से क्या बनता है?
वर्ण शब्द ✓ वाक्य

ख. निम्न में से कौन–सा शब्द सही है?
कितब कीताव किताब ✓

ग. सार्थक शब्दों के समूह से क्या बनता है?
वर्ण शब्द वाक्य ✓